पत्रांक :केन्द्रीय (मा०)–19/25–के०–1287

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

प्रेषक,

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक),**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

सेवा में,

**सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना, दिनांक : 09 / 08 /2025

**विषयः– बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड की द्वितीय माध्यमिक (10वीं) परीक्षा, दिसम्बर, 2024 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं का Dummy Admit Card समिति के वेबसाईट पर जारी किये जाने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) की द्वितीय माध्यमिक परीक्षा, दिसम्बर, 2024 की सैद्धान्तिक परीक्षा दिनांक 25.08.2025 से 03.08.2025 तक तथा प्रायोगिक विषयों की परीक्षा दिनांक 21.08.2025 से 23.08.2025 तक संचालित होगी। उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए छात्र/छात्राओं का डमी प्रवेश पत्र (Dummy Admit Card) समिति के वेबसाईट https://bboseonline.com पर जारी कर दिया गया है।

2. संबंधित अध्ययन केन्द्र (Study Centre)के Co-ordinatorयूजर आई0डी एवं पासवर्ड का प्रयोग करते हुए समिति के वेबसाइट https://bboseonline.com **पर** Login **करेंगे।** लॉग–इन उपरान्त Actions Header के नीचे View button पर Click करके Dummy Admit Card Download करेंगे।

Dummy Admit Card में किसी प्रकार का सुधार हेतु Actions Header के नीचे Edit button पर Click करके सुधार करने के उपरांत पुनः Submit करना सुनिश्चित करेंगे।

3. बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के द्वितीय माध्यमिक (10वीं) परीक्षा, दिसम्बर, 2024 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्रा को सूचित करने की व्यवस्था की जाए कि वे अपने अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator से अविलम्ब सम्पर्क कर अपना Dummy Admit Card प्राप्त कर उसमें अंकित सभी विवरण का भली–भाँति मिलान करेंगे। Dummy Admit Card में यदि किसी छात्र/छात्रा एवं उनके माता/पिता के नाम के स्पेलिंग में त्रुटि हो, विषय, जन्म तिथि, लिंग, जाति कोटि, फोटो या हस्ताक्षर आदि में कोई त्रुटि हो, तो वैसे छात्र/छात्रा अपने Dummy Admit Card में त्रुटि का सुधार कर अपने हस्ताक्षर के साथ उसकी एक प्रति अपने अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के Co-ordinator को ऑनलाइन त्रुटि सुधार करने हेतु उपलब्ध करा देंगे और उसकी दूसरी प्रति अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के Co-ordinator का हस्ताक्षर एवं मुहर प्राप्त कर अपने पास सुरक्षित रख लेंगे। **परीक्षार्थी द्वारा जमा किये गये संशोधित एवं हस्ताक्षरित Dummy Admit Card के आधार पर संबंधित अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator ऐसे छात्र/छात्राओं की विवरणी में ऑनलाइन त्रुटि सुधार दिनांक 11.08.2025 तक की निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि संबंधित छात्र/छात्रा के निर्गत होने वाले मूल प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि न रह जाय। इसपर आपके स्तर से विशेष निदेश दिया जाना कृपया अपेक्षित है।**

4. सुधार के लिए अवसर प्रदान किये जाने के बाद भी यदि किसी छात्र/छात्रा द्वारा निर्धारित अवधि तक अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator से समन्वय कर Dummy Admit Card प्राप्त नहीं किया जाता है तथा अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator द्वारा भी ऑनलाइन त्रुटि सुधार हेतु वर्णित प्रक्रिया के अनुसार अपेक्षित सुधार की कार्रवाई नहीं की जाती है, तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator तथा संबंधित छात्र/छात्रा एवं उनके अभिभावक की होगी। **किसी भी परिस्थिति में छात्र/छात्रा, उनके माता–पिता के नाम में पूर्ण परिवर्तन नहीं किया जाएगा। ऐसा पाये जाने पर संबंधित छात्र/छात्रा का अभ्यर्थित्व रद्द करते हुए अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator के विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।**

5. विदित हो कि उपर्युक्त आलोक में समिति द्वारा विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 179/2025 सभी संबंधितों के स्तर पर आवश्यक कार्रवाई हेतु विस्तृत निदेश के साथ आज के दैनिक समाचार पत्रों में प्रसारित की जा चुकी है तथा इसकी प्रति ज्ञापांक–केन्द्रीय (मा0) 19/25–के0 1285, दिनांक 08.08.2025 के द्वारा आपके ई–मेल आई0डी0 पर भी प्रेषित किया जा चुका है।

6. Dummy Admit Card ऑनलाइन डाउनलोड करने एवं उसमें त्रुटि संशोधन करने के क्रम में किसी प्रकार की असुविधा होने पर अथवा किसी भी संगत सूचना के लिए समिति के हेल्पलाईन नं0–8146568498, E-mail Id: bseb@antiersolutions.com तथा परीक्षा नियंत्रक (मा०) के मोबाईल नंबर–8789175826, उप परीक्षा नियंत्रक (मा०) के मोबाईल नंबर–7979815223, उप निदेशक, आई०टी० (मा०) के मोबाईल नंबर–8302866481 तथा प्रशाखा पदाधिकारी (केन्द्रीय, मा०) के मोबाईल नंबर–9661704660 पर सूचित कर समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

7. वर्णित परिदृश्य में अनुरोध है कि विषयांकित कार्य हेतु समिति द्वारा प्रसारित विज्ञप्ति तथा उक्त अनुदेश के आलोक में अपने जिलान्तर्गत अधीनस्थ सभी अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के Co-ordinator को छात्र/छात्राओं का डमी प्रवेश पत्र में परिलक्षित त्रुटि का संशोधन करने/कराने हेतु स्पष्ट निदेश देने की कृपा की जाय ताकि छात्र/छात्राओं का मूल प्रवेश जारी हो तो उसमें किसी प्रकार की त्रुटि न रहें।

8. कृपया इसे अति महत्वपूर्ण समझा जाय।

विश्वासभाजन

09.08.25

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

**ज्ञापांक : केन्द्रीय (मा0)–19/25, के०–** 1287 **/पटना, दिनांक : 09 / 08 /2025**

प्रतिलिपि :
1. प्रोजेक्ट मैनेजर, Antier Solutions Pvt. Ltd. को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि वर्णित आलोक में सभी प्रकार की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।
2. उप निदेशक, आई0टी0 (माध्यमिक)/सिस्टम एनालिस्ट को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि वर्णित ओलोक में अनिवार्य रूप से सभी आवश्यक व्यवस्था करते हुए इसका निरंतर अनुश्रवण की जाय ताकि किसी प्रकार की त्रुटि/विसंगति न हो।
3. उप निदेशक, परीक्षा एवं मूल्यांकन विभाग, बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा (BBOSE) को वर्णित आलोक में अनुरोध है कि उप निदेशक, आई0टी0 (मा0) द्वारा सभी अध्ययन केन्द्र समन्वयक के लिए दिनांक 08.08.2025 को भेजे गये यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड उपलब्ध कराते हुये डमी एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के निमित्त सभी आवश्यक कार्रवाई करने हेतु अपने स्तर से स्पष्ट निदेश देने की कृपा की जाए। उल्लेखनीय है कि आई0टी0 (मा0) के द्वारा सभी अध्ययन केन्द्र के लिए समन्वयक को निर्गत आई0डी0 पासवर्ड आपको दिनांक 08.08.2025 को ही ई–मेल के माध्यम से उपलब्ध कराया जा चुका है।
4. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०) तथा निदेशक, आई0टी0 को सूचनार्थ प्रेषित।

09.08.25

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

9/8/25